आर.पी. मण्डल
अपर मुख्य सचिव
R.P. Mandal
Add. Chief Secretary

छत्तीसगढ़ शासन
Government of Chhattisgarh

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
Panchayat & Rural Development
अर्द्धशासकीय पत्र क्र. : 152
रायपुर, दिनांक : 22.05.2018

विषय :– ई–पंचायत अंतर्गत PES अनुप्रयोगों में प्रगति के संबंध में।

प्रिय साथी;

भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को जारी की जाने वाली राशि PFMS से जारी किए जाने के संबंध में निर्णय लिया है। इस संबंध में निम्नलिखित कार्यवाहियां अपेक्षित हैः–

1. प्रियासाफ्ट एकाउंटिंग साफ्टवेयर (PRIA's)मे वित्तीय वर्ष 2017–18 तक की वार्षिक लेखाबंदी।
2. समस्त सचिव/सरपंचों का DSC जारी करना, तथा ग्राम पंचायत स्तर पर वेन्डर/सर्विस प्रोवाइडर को PFMS प्रणाली में मैप करना।
3. M-Actionsoft में GPDP अंतर्गत लिये गये कार्यो की भौतिक प्रगति की एन्ट्री एवं फोटो अपलोडिंग एवं कार्यो की प्रगति का फोटो अपलोडिंग किया जाना।
4. M-Asset में समस्त चल/अचल संपत्तियों का जिओ टेगिंग।

उपरोक्त के संबंध में मान.मंत्रीजी की अध्यक्षता में दिनांक 07.05.2018 एवं 08.05.2018 को संपन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक में भी समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु खेद का विषय है, कि बार–बार निर्देश के बावजूद कुछ जिलों में प्रगति नगण्य है। इस संबंध में उल्लेखनीय है, कि निर्देशानुसार कार्यवाहियां नही किए जाने पर भारत सरकार द्वारा 14 वां वित्त आयोग की राशि प्रदाय नही की जावेगी।

मैं चाहूंगा, कि इस संबंध में आप व्यक्तिगत तौर पर ध्यान देकर समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण करें।

शुभकामनाएं

Mandal 22/5/18
(आर.पी. मण्डल)

श्री ....
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत................................
छत्तीसगढ़।

कक्ष क्र. S - 3/23, तृतीय तल, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) - 492 002
Tel.: 0771-2221328, 2510261, E-Mail : rp.mandal@ias.nic.in

Scanned by CamScanner